# PARMESHWARI SILK MILLS LIMITED

Regd. Off: Village Bajra Rahon Road, Ludhiana-141007, Ph no. : +91-161-2691873,
Email id: psmltex@gmail.com, Website: www.parmeshwarisilkmills.com
CIN: L17116PB1993PLC012917

**Date: 31.05.2023**

Head- Listing Compliance
**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street
Mumbai-400001

**Security code: 540467**

The Head Listing Compliance
**Calcutta Stock Exchange Limited**
7, Lyons Range, Dalhousie,
Murgighata, BBD Bagh,
Kolkata- 700001

**Scrip Code: 026501**

**Sub:** ***Intimation under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015-Newspaper Publication***

Sir/Madam,

Dear Sir/Ma'am,

Pursuant to Regulation 30 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirement) Regulation, 2015 please find attached herewith Newspaper Advertisement w.r.t. audited Standalone Financial Results (for the quarter ended 31st March 2023) approved at the Board meeting of the Company which was held on Monday, 29th May, 2023 (commenced at 12:30 P.M. and concluded at 5.45 P.M.), published in leading English Newspaper (Business Standard) and in Regional Language (Hindi) Newspaper (Business Standard Hindi Edition) on 31st May, 2023.

Kindly take the above information on your records.

**For Parmeshwari Silk Mills Limited**

HONEY AGARWAL
Digitally signed by HONEY AGARWAL
Date: 2023.05.31 18:51:58 +05'30'


**Honey Aggarwal**
**Compliance Officer**

**Place: Ludhiana**



## खबरों में रहे स्टॉक


### मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स




वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 105 प्रतिशत बढ़ा

₹ 774.4 पिछला बंद भाव
₹ 801.5 आज का बंद भाव
3.5 % ▲


### 3एम इंडिया




वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही के दौरान समेकित करोपरांत लाभ में 22 प्रतिशत इजाफा

₹ 24,129.7 पिछला बंद भाव
₹ 24,912.2 आज का बंद भाव
3.2 % ▲


### मार्कसंस फार्मा




वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ गत वर्ष की तुलना में करीब 4 गुना बढ़ा

₹ 75.7 पिछला बंद भाव
₹ 81.0 आज का बंद भाव
7.0 % ▲


### लक्स इंडस्ट्रीज




वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 58 प्रतिशत गिरा

₹ 1,469.7 पिछला बंद भाव
₹ 1,451.2 आज का बंद भाव
-1.3 % ▼

### हेरंबा इंडस्ट्रीज




वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 66 प्रतिशत लुढ़का

₹ 341.4 पिछला बंद भाव
₹ 326.4 आज का बंद भाव
-4.4 % ▼

## संक्षेप में

### अदाणी पोर्ट्स के लाभ में 2.63 प्रतिशत इजाफा

अदाणी पोर्ट्स ऐंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 2.63 प्रतिशत बढ़कर 1,140.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। देश की सबसे बड़ी एकीकृत लॉजिस्टिक्स कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,111.63 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। *भाषा*

### अदाणी ट्रांसमिशन का लाभ 85 प्रतिशत बढ़ा

अदाणी ट्रांसमिशन लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ 2022-23 की मार्च तिमाही के दौरान 85.48 प्रतिशत बढ़कर 439.60 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसने 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान 237 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 3,165.35 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,494.84 करोड़ रुपये हो गई। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए एटीएल का शुद्ध लाभ बढ़कर 1,280.60 करोड़ रुपये हो गया। *भाषा*

# वीआरएल को ग्लेनकोर से कर्ज

देव चटर्जी
मुंबई, 30 मई




### अहम कदम

- खनन क्षेत्र की दिग्गज के इस कदम को विश्लेषकों ने बताया रणनीतिक निवेश
- वेदांत रिसोर्सेज ने वेदांत में 4.4 प्रतिशत हिस्सेदारी गिरवी रखी
- स्विट्जरलैंड की ग्लेनकोर कई भौगोलिक क्षेत्रों में है वेदांत समूह की प्रतिस्पर्धी है

विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक संसाधन कंपनियों में शामिल ग्लेनकोर इंटरनैशनल एजी ने वेदांत समूह की नियंत्रक कंपनी वेदांत रिसोर्सेज (वीआरएल) को 25 करोड़ डॉलर का कर्ज दिया है। इस कर्ज के लिए वीआरएल की सूचीबद्ध सहायक कंपनी वेदांत लिमिटेड में 4.4 प्रतिशत हिस्सेदारी गिरवी रखी गई है।

1974 में स्थापित स्विट्जरलैंड स्थित मुख्यालय वाली ग्लेनकोर कई भौगोलिक क्षेत्रों में अरबपति अनिल अग्रवाल के स्वामित्व वाले वेदांत समूह की खनन और प्राकृतिक संसाधनों की प्रतिस्पर्धी है। वीआरएल इस आय का इस्तेमाल बुधवार को बॉन्ड बकाया चुकाने के लिए करेगी।

ग्लेनकोर के इस ऋण निवेश को 'आखिरी वक्त पर मदद' करार देते हुए विश्लेषकों का कहना है कि समूह मौजूदा संकट से निपटने में सक्षम होगा। क्रेडिटसाइट्स के वरिष्ठ विश्लेषक लक्ष्मणन ने कहा कि हम वित्त वर्ष 24 में वीआरएल के 4.1 अरब डॉलर के बकाया ऋण के संबंध में पुनर्वित्त के जोखिम से अवगत हैं, जिसके लिए वीआरएल को 2.1 अरब डॉलर के पुनर्वित्त के लिए काफी हद तक बाहर से रकम का इंतजाम करने और फंडिंग का अंतर पाटने के लिए अतिरिक्त 95 करोड़ डॉलर के इंतजाम पर निर्भर रहना होगा। वीआरएल की हालिया ऋण कटौती और पैसा जुटाने के ताजा प्रयासों के मद्देनजर 2.1 अरब डॉलर की रकम का इंतजाम करने में कामयाब रहने से इस बिंदु पर हमारा झुकाव अब भी वीआरएल की ओर रहेगा और हमें लगता है कि वीआरएल के लिए रकम जुटाने के विभिन्न वैकल्पिक मार्ग खुले हुए हैं - जैसे शेयर गिरवी रखना और कुछ लाभांश अपस्ट्रीमिंग।

ग्लेनकोर ने टिप्पणी का अनुरोध अस्वीकार कर दिया। मुंबई के एक विश्लेषक ने कहा कि ग्लेनकोर का यह ऋण 'महत्त्वपूर्ण' है और यह इस यूरोपीय कंपनी के लिए भारत की परिसंपत्ति में हिस्सेदारी खरीदने का संकेत हो सकता है। विश्लेषक ने कहा कि यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि समूह पुराने कर्ज चुकाने के लिए किस तरह रकम जुटाता है।

समझौते के अनुसार वीआरएल को अपनी सहायक कंपनियों - वेस्टग्लोब, रिक्टर होल्डिंग और फिनसाइडर इंटरनैशनल कंपनी (एफआईसीएल) की तरफ से 'निश्चित कार्रवाई' प्रदान करने की जरूरत है।

# फिडेलिटी ने घटाया मीशो का मूल्यांकन

आर्यमन गुप्ता
नई दिल्ली, 30 मई

**विदेशी** निवेशक लगातार भारतीय कंपनियों का मूल्यांकन कम रहे हैं। फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट ने अपने बहीखाते में 31 मार्च को घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो का मूल्याकन 9.7 फीसदी घटाकर 4.4 अरब डॉलर कर दिया है। अमेरिकी बाजार नियामक सिक्यूरिटीज ऐंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) को दी गई जानकारी से इसका खुलासा हुआ।

फिडेलिटी ने कई फंडों के जरिए ई-कॉमर्स कंपनी में अपनी हिस्सेदारी रखी है। इनमें वैरिएबल बीमा उत्पादों तीन और चार और फिडेलिटी सेंट्रल इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो एलएलसी शामिल हैं। फर्म ने फेसबुक के सह संस्थापक एडुआर्डो सेवरिन के नेतृत्व वाली बी कैपिटल के साथ मिलकर सितंबर 2021 में 57 करोड़ डॉलर का निवेश किया था। उस समय मीशो का मूल्यांकन 4.9 अरब डॉलर था।

यह ऐसे वक्त में जब अधिकतर प्रमुख भारतीय यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली कंपनी) का मूल्यांकन विदेशी निवेशकों ने कम कर दिया था। इनमें एडटेक यूनिकॉर्न एरुडिटस, बैजूस, फूड एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म स्विगी, कैब कंपनी ओला, फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स और ऑनलाइन दवा देने वाली कंपनी फार्मईजी शामिल है।

हालांकि, ये कटौती ऐसेट मैनजमेंट कंपनियों के आंतरिक मूल्यांकन पर आधारित हैं और ऐसा जरूरी नहीं है कि यह स्थायी कटौती का कोई संकेत है। बाजार के हालात में सुधार आने पर मूल्यांकन में बढ़ोतरी भी हो सकती है।


## परमेश्वरी सिल्क मिल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः गाँव बजरा राहोन रोड, लुधियाना–141007, फोनः +91–161–2691873
ईमेल आईडीः psmltex@gmail.com, वेबसाइटः www.parmeshwarisilkmills.com
सीआईएनः L17116PB1993PLC012917

**31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों का सार**
(सेबी(एलओडीआर) विनियमावली, 2015 का विनियम 47(1)(बी)

(राशि लाखों में)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31 मार्च, 2023 | 31 दिसंबर, 2022 | 31 मार्च, 2022 | 31 मार्च, 2023 | 31 मार्च, 2022 |
| | (लेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय | 4671.43 | 4686.24 | 4176.08 | 17300.72 | 14534.25 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट और/या असाधारण मदों के पूर्व) | 174.87 | 264.00 | 174.54 | 723.94 | 574.06 |
| कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट और/या असाधारण मदों के पश्चात) | 173.78 | 264.00 | 174.54 | 723.94 | 575.06 |
| कर पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट और/या असाधारण मदों के पश्चात) | 93.87 | 219.91 | 50.61 | 552.18 | 383.69 |
| अवधि के लिए कुल समग्र आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य समग्र आय (कर पश्चात) शामिल] | 93.87 | 219.91 | 50.61 | 552.18 | 383.69 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 300.11 | 300.11 | 300.11 | 300.11 | 300.11 |
| आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाए अनुसार | - | - | - | 3725.99 | 3132.82 |
| प्रति शेयर अर्जन (रु. 10/– प्रत्येक के) (चालू व बंद परिचालनों के लिए) – 1. मूल | 3.13 | 7.33 | 1.68 | 18.40 | 12.78 |
| 2. तरल | 3.13 | 7.33 | 1.68 | 18.40 | 12.78 |

**नोटः** ऊपर सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएँ) नियमावली, 2015 के नियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में पेश किए गए तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत रूप का सार है। तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों का विस्तृत पूर्ण रूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटः www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.parmeshwarisilkmills.com पर भी उपलब्ध है।

हिते **परमेश्वरी सिल्क मिल्स लिमिटेड**
हस्ता./–
(जतिन्दर पाल सिंह)
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएनः 01661864

दिनांकः 29.05.2023
स्थानः लुधियाना



## रायदीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः सी–193ए, फेज VI, फोकल प्वाइंट, लुधियाना, पंजाब–141010
सीआईएनः L18101PB1995PLC017415
वेबसाइटः www.raideepindustries.com, ईमेल आईडीः raitex3@gmail.com
फोन नं.: +91–161–2676893, 9872972951

**31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार**
(सेबी(एलओडीआर) विनियमावली, 2015 का विनियम 47(1)(बी)

(राशि लाखों में)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2022 | 31.03.2023 | 31.03.2022 |
| | (लेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) |
| प्रचालनों से राजस्व | 1041.94 | 838.35 | 666.86 | 2750.03 | 2010.22 |
| अन्य आय | 18.48 | 17.00 | 19.96 | 70.99 | 69.08 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट और/या असाधारण मदों के पूर्व) | 15.28 | 2.63 | 6.34 | 30.55 | 22.22 |
| कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट और/या असाधारण मदों के पश्चात) | 15.28 | 2.63 | 6.34 | 30.55 | 22.22 |
| कर पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट और/या असाधारण मदों के पश्चात) | 9.97 | 1.97 | 4.48 | 21.40 | 16.36 |
| इक्विटी विधि का प्रयोग कर लेखा में लिए गए एसोशिएट्स और संयुक्त उद्यमों के शुद्ध लाभ का शेयर | 353.74 | 34.24 | 25.35 | 420.81 | 68.00 |
| अवधि के लिए कुल समग्र आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य समग्र आय (कर पश्चात) शामिल] | 353.74 | 34.24 | 25.35 | 420.81 | 68.00 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 550.8 | 550.8 | 550.8 | 550.8 | 550.8 |
| आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाए अनुसार) | - | - | - | 943.11 | 500.90 |
| प्रति शेयर अर्जन (रु. 10/– प्रत्येक के) (चालू व बंद परिचालनों के लिए) – 1. मूल | 6.42 | 0.66 | 0.54 | 8.03 | 1.53 |
| 2. तरल | 6.42 | 0.66 | 0.54 | 8.03 | 1.53 |

**नोटः**

1. 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए एकल लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के संबंध में सूचना निम्नवत् हैः (राशि लाखों में)

| विवरण | 31.03.2023 (तिमाही) | 31.03.2023 (वार्षिक) |
|---|---|---|
| कुल कारोबार | 1060.42 | 2821.02 |
| कर पूर्व लाभ | 15.28 | 30.55 |
| कर पश्चात लाभ | 9.97 | 21.40 |

2. ऊपर सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएँ) नियमावली, 2015 के नियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में पेश किए गए तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत रूप का सार है। तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों का विस्तृत पूर्ण रूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटः www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.raideepindustries.com पर भी उपलब्ध है।

हिते **रायदीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
हस्ता./–
राय साहिब
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 01582498

दिनांकः 29.05.2023
स्थानः लुधियाना


# 'टीसीएस के लिए आने वाले साल बेहतर रहेंगे'

शिवानी शिंदे
मुंबई, 30 मई

**भारत** की सबसे बड़ी सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मौजूदा प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी राजेश गोपीनाथन 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पहले उन्होंने सभी कर्मचारियों को ईमेल भेज कर शुक्रिया अदा की और कंपनी की कमान संभालने वाले के कीर्तिवासन का स्वागत किया।

गोपीनाथन ने लिखा, 'टीसीएस का नेतृत्व संभालने वाले और कंपनी के लिए 50 अरब डॉलर का लक्ष्य तय करने वाले कीर्ति को मैं शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा भरोसा है कि टीसीएस के लिए आगामी वर्ष काफी बेहतर रहेंगे।'

कंपनी की उपलब्धियों और कंपनी में संरचनात्मक परिवर्तनों के बारे में लिखते हुए गोपीनाथन ने मुख्य कार्याधिकारी चुने गए कीर्तिवासन का स्वागत भी किया।

गोपीनाथन ने टीसीएस के कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में लिखा है, 'इस सप्ताह टीसीएस के साथ मेरे दो दशक लंबे सफर का अंत हो गया। मैं 31 मई, 2023 को मुख्य कार्याधिकारी और प्रबंध निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हो रहा हूं। बीते 6 वर्षों के दौरान कंपनी का नेतृत्व करना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। यह हम सभी लोगों के परिवर्तन और जबरदस्त वृद्धि का दौर रहा है।'

हालांकि, गोपीनाथन अपनी मुख्य कार्याधिकारी की भूमिका से हट रहे हैं, लेकिन वह 16 सितंबर, 2023 तक कामकाज देखते रहेंगे।

मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि गोपीनाथन और कीर्तिवासन सभी बड़े क्लाइंट्स से मिल रहे हैं। उनके नेतृत्व में टीसीएस का राजस्व मार्च 2017 के 17.5 अरब डॉलर से बढ़कर मार्च 2023 में 27.9 अरब डॉलर हो गया। इसी अवधि के दौरान कंपनी का बाजार पूंजीकरण 74 अरब डॉलर से बढ़कर 143 अरब डॉलर हो गया।

गोपीनाथन ने कंपनी में किए गए ढांचागत बदलाव और ब्रांड संबंधी पहल के बारे में उल्लेख किया और बताया कि उससे कंपनी को किस प्रकार फायदा हुआ।


## सूर्या निटवियर लिमिटेड

Sueryaa The Knitting Magic

पंजीकृत कार्यालयः 408, इंडस्ट्रियल एरिया–ए, लुधियाना–141003, फोनः 0161–4619272, 09871124799
ईमेल आईडीः sueryaa1995@gmail.com, वेबसाइटः www.sueryaaknitwear.com
सीआईएनः L17115PB1995PLC015787

**31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए एकल लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार**
(सेबी(एलओडीआर) विनियमावली, 2015 का विनियम 47(1)(बी)

(राशि लाखों में)

| विवरण | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31 मार्च, 2023 | 31 दिसंबर, 2022 | 31 मार्च, 2022 | 31 मार्च, 2023 | 31 मार्च, 2022 |
| | (लेखापरीक्षित) | (अलेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) | (लेखापरीक्षित) |
| प्रचालनों से राजस्व | 9.87 | 00 | 10.24 | 9.87 | 10.24 |
| अन्य आय | 0.00 | 0.00 | 0.23 | 0 | 0.23 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट और/या असाधारण मदों के पूर्व) | -15.28 | -1.16 | -6.16 | -16.44 | -6.50 |
| कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट और/या असाधारण मदों के पश्चात) | -15.28 | -1.16 | -6.16 | -16.44 | -6.50 |
| कर पश्चात अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट और/या असाधारण मदों के पश्चात) | -15.66 | -1.16 | -6.44 | -16.82 | -6.78 |
| अवधि के लिए कुल समग्र आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य समग्र आय (कर पश्चात) शामिल] | -15.66 | -1.16 | -6.44 | -16.82 | -6.78 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 259.78 | 259.78 | 259.78 | 259.78 | 259.78 |
| आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाए अनुसार | - | - | - | -30.63 | -17.96 |
| प्रति शेयर अर्जन (रु. 10/– प्रत्येक के) (चालू व बंद परिचालनों के लिए) – 1. मूल | (0.61) | (0.04) | (0.25) | (0.65) | (0.26) |
| 2. तरल | (0.61) | (0.04) | (0.25) | (0.65) | (0.26) |

**नोटः** ऊपर सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटन आवश्यकताएँ) नियमावली, 2015 के नियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में पेश किए गए तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत रूप का सार है। तिमाही और वार्षिक वित्तीय परिणामों का विस्तृत पूर्ण रूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटः www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sueryaaknitwear.com पर भी उपलब्ध है।

हिते **सूर्या निटवियर लिमिटेड**
हस्ता./–
(भानू गुप्ता)
(पूर्णकालिक निदेशक)
डीआईएनः 09688120

दिनांकः 30.05.2023
स्थानः लुधियाना



## यूको बैंक UCO BANK
सम्मान आपके विश्वास का — Honours your trust

आंचलिक कार्यालय : पुराना जी.टी. रोड दुर्गा मंदिर कॉम्पलेक्स, प्रथम तल,
बस स्टैंड के पास, करनाल–132001, दूरभाषः 0184–4020154, ई–मेलः zo.haryana@ucobank.co.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**
**ईएमडी और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि और समय 29.06.2023 को अपराह्न 4:00 बजे तक**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी) के तहत अचल संपत्तियों की ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्वारा आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और जमानती(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा यूको बैंक (प्रतिभूत लेनदार) के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, यूको बैंक, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली के लिए 30.11.2022 **को ''जहाँ है जैसा है'', ''जो है यही है'' और ''जो कुछ भी है वहीं है''** आधार पर बिक्री की जायेगी। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दिए गए वेब पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगीः–

**प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री की अनुसूची**

| क्र. सं. | कर्जदार तथा जमानती का नाम | बंधककर्ता के नाम सहित सम्पत्ति का विवरण (सम्पत्ति के स्वामी) | कब्जा की तिथि/कब्जे की स्थिति (भौतिक या सांकेतिक) | मांग सूचना तिथि तथा बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / संविदा वृद्धि राशि | सम्पर्क व्यक्ति का नाम तथा ई–मेल आईडी | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **लडवा** **मैसर्स गर्ग एंटरप्राइजेज श्री ऋषभ गर्ग एवं श्रीमती नेहा गर्ग** | 1 कनाल –1 मरला की संपत्ति का विवरण इस प्रकार है (i) 2 मरला –1 सरसई 16 कनाल –0 मरला में से 1/144 हिस्सा है, खेवत संख्या 25/23, खतौनी संख्या 40, रेक्ट संख्या 14 में शामिल, खसरा नंबर 2(8–0), 3(8–0), किट्टा –2 (ii) 2 मरला –4 सरसई 18के–19एम में से 23/3411 हिस्सा, खेवत नंबर 85/78, खस्तौनी नंबर 112, रेक्ट नं. 14, खसरा नं. 8/2(7–17), 9(8–0), 13/1 (3–2), किट्टा–3 में शामिल (iii) 9 मरला – 7 सरसई 72 कनाल–19 मरला में से 89/13131 हिस्सा शामिल, खेवट नं. 420/387, खतौनी नं. 465, रेक्ट संख्या 34, खसरा संख्या 15/2(4–12), रेक्ट संख्या 35, खसरा संख्या 11 (8–0), 12(7–16), 16(7–18), 17(7–8), 18(7–7), 19/1 (6–9), 24/1 (2–19), रेक्ट संख्या 35, खसरा नंबर 24/2(4–8), 25(8–0), रेक्ट नंबर 38, खसरा नंबर 4(8–2), किट्टा–11 (iv) 4 मरला –1 सरसई 31/ खेवट नं. 584/540, खतौनी नं. 636, रेक्ट नं. 35, खसरा नं. 4/1 (1 –6), 4/2(0–2), 7(8–2), 8(8–0), 9(8–0), किट्टा–5 (v) 2 मरला –6 सरसई खेवट नं. 1236/1158, खतौनी नं. 1307, रेक्ट नं. 35, खसरा नं. 13(8–0), 14/1 (7–13) में शामिल 20 कनाल–13 मरला में से 25/3717 शेयर, 15(5–0), किट्टा–3, वर्ष 2010–2011 की जमाबंदी के अनुसार, लडवा, उपतहसील लडवा, जिला. कुरुक्षेत्र, सीमाएंः– उत्तर–शिव शक्ति विद्यालय, दक्षिण–अन्य का भूखण्ड। पूर्व– अन्य का प्लॉट, पश्चिम – गली सरे आम, पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या 1323, दिनांक 12–12–2003, नामांतरण संख्या 8478 के साथ पठित द्वारा खरीदा गया | **सांकेतिक** **09.05.2023** | 08.02.2023 रु. 12,35,247.61/– | रु. 42,75,000/– रु. 4,28,000/– रु. 50,000 | श्री जितेन्द्र मोबाइल : 8580548087 ई–मेल : Ladwa@ucobank.co.in | 30.06.2023 1:00 बजे अप. से 05:00 बजे अप. |
| 2. | **कुंडली** **मैसर्स डी.डी. मोटर्स** | मनाली रोड, कुंडली, उपतहसील–राय पर वीपीओ अटेरना में गोदाम सह वाणिज्यिक संपत्ति, प्लॉट माप 0.03 मारिया यानी 100 वर्ग गज, कुल भूमि 4के–12 एम का 3/92 हिस्सा खेवट नं 123 कित्ता नं. 202, रेक्ट और किला संख्या 17/21/3(1–91, 28/1/2/1/1(3–3) में शामिल, ग्राम अटेरना में स्थित, बिक्री विलेख संख्या 6548 दिनांक 30.01.2004 | **सांकेतिक** **28.09.2022** | 06.04.2022 रु. 10,12,996/– | रु. 18,90,000/– रु. 1,90.000/– रु. 20,000 | श्री विनोद कुमार बंसल मोबाइल : 8969833493 ई–मेल : kundli@ucobank.co.in | 1:00 बजे अप. से 05:00 बजे अप. |

**ज्ञात ऋण भारों का विवरण : ज्ञात नहीं**

**नियम और शर्तें**: 1. यह बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगी, बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पोर्टल में उपलब्ध/प्रकाशित हैं: 1) https://ibapi.in/, 2) https://mstcecommerce.com
2. संपत्तियां **''जहाँ है जैसा है'', ''जो है यही है'' और ''जो कुछ भी है वहीं है''** के आधार पर बेची जा रही हैं।
3. ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत संपत्ति का विवरण अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार है, लेकिन अधिकृत प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी प्रस्ताव, चूक, गलतबयानी के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
4. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://www.mstcacommerce.com पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 30.06.2023 को 01:00 बजे अप. से प्रारम्भ की जाएगी।
5. प्रतिनिधि नियुक्त करने और स्वयं बोली लगाने और नीलामी में भाग लेने का विकल्प बैंक के लिए खुला है।
6. प्रतिभूत लेनदार के अधिकृत प्राधिकारी को किसी भी समय किसी संविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत वैधानिक 30 दिनों की बिक्री सूचना**

कर्जदारों/गारंटरों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे ई–नीलामी की तिथि से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक खर्चों के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

**तिथि : 30.05.2023 स्थान : करनाल** **अधिकृत प्राधिकारी, यूको बैंक**



## ACTIVE CLOTHING CO LIMITED

**Registered Office:** E-225, Industrial Area, Phase VIII-B, Mohali
**CIN:** L51311PB2002PLC033422 | **E-mail:** csco@activesourcing.org
**Website:** www.activesourcing.org | **Ph.:** 0172-4313300

Extract of Statement of standalone audited financial results for the quarter and year ended **31st March, 2023**.

**( Rs. in Lacs, unless otherwise stated)**

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ending 31.03.2023 | Quarter Ending 31.12.2022 | Quarter Ended 31.03.2022 | Year Ended 31.03.2023 | Year Ended 31.03.2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1. | Total Income from Operations | 4389.32 | 4762.73 | 2632.78 | 20084.56 | 11543.82 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | 49.81 | 103.39 | 18.32 | 302.62 | 71.09 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax and after Exceptional and/or Extraordinary Items) | 49.81 | 103.39 | 18.32 | 302.62 | 71.09 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period (after Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | 38.90 | 76.51 | 12.94 | 225.98 | 52.00 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (After Tax) | ---- | ---- | ---- | ---- | ---- |
| 6. | Equity Share Capital | 1551.22 | 1551.22 | 1551.22 | 1551.22 | 1551.22 |
| 7. | Other Equity | ---- | ---- | ---- | 4883.32 | 4658.91 |
| 8. | Earnings Per Share (Face Value of Rs. 10/- each) 1. Basic | 0.26 | 0.49 | 0.08 | 1.46 | 0.34 |
| | 2. Diluted | 0.26 | 0.49 | 0.08 | 1.46 | 0.34 |

**NOTE:- (1)** The Above Audited financial results for the quarter and Year ended 31st March, 2023 reviewed by Audit Committee were approved by Board of director in its meeting held on 30.05.2023.
**(2)** The above is an an extract of the detailed format of Quarterly/yearly/Audited Financial Results filed with Exchanges under Regulations 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available of the websites of the Stock Exchange and the listed entity. **www.bseindia.com**; **www.activesourcing.org**

**For Active Clothing Co. Limited**
Sd/-
**Rajesh Kumar Mehra**, Managing Director
DIN: 00026176

**Place:** Mohali
**Date:** 30.05.2023


# बैजूस का मूल्यांकन घटाया

पृष्ठ 1 का शेष

**यह** 1 अरब डॉलर पूंजी जुटाने की योजना का हिस्सा है, जिसमें कंपनी 22 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर इक्विटी और संरचनात्मक साधनों के जरिये पूंजी जुटा रही है। इनमें से करीब 70 करोड़ डॉलर इक्विटी के जरिये आने की उम्मीद है और बैजूस इसके लिए मौजूदा तथा नए निवेशकों के साथ बात कर रही है। इनमें अबू धाबी के सॉवरिन वेल्थ फंड एडीक्यू जैसे निवेशक शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार बैजूस अपनी सहायक इकाई आकाश का 8,000 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की भी योजना बना रही है। 2021 में बैजूस ने 1 अरब डॉलर में आकाश का अधिग्रहण किया था।

बैजूस को भारत में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रवर्तन निदेशालय ने हाल ही में फेमा कानून के तहत बैजूस के तीन परिसरों की तलाशी ली थी। कंपनी द्वारा 2011 से 2023 के बीच करीब 28,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई थी। कंपनी ने बीते तीन साल में करीब 9,000 करोड़ रुपये के निवेश से विदेश में कई अधिग्रहण किए हैं। बैजूस को वित्त वर्ष 2022 के वित्तीय नतीजे भी कंपनी मामलों के मंत्रालय के पास जमा कराने हैं। अन्य एडटेक यूनिकॉर्न जैसे अनअकैडमी, अपग्रेड, वेदांतु, फिजिक्सवाला और एरुडिटस पहले ही नतीजे दाखिल कर चुकी है।

**चंडीगढ़ संस्करण :** बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.–22 व 49 ग्राउंड फ्लोर, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला–134115, हरियाणा से मुद्रित एवं एससीओ 861, एनएसी, मनी माजरा, चंडीगढ़–160101 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. MAHHIN/2008/24325 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन – 033–22101314/1022/1600 फैक्स – 033–22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं